

धरना | कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# शराब दुकान हटाने को लेकर सांकेतिक धरना संपन्न




**नवभारत न्यूज़**
**पिपलानारायणवार 28 जनवरी.**नगर के मुख्य बस स्टैंड परिसर में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी पिपला नारायणवार ने शासन-प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन कर चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

विधायक विजय चौरे नें कहा की पिपला नारायणवार आसपास के ग्रामों का प्रमुख नगर है। यहां स्थित मुख्य बस स्टैंड क्षेत्रवासियों के आवागमन का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं, कंपनियों में काम करने जाने वाली महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी आते-जाते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान पर शराब दुकान का संचालन नगरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। बस स्टैंड से ही भवानी माता मंदिर (मठ) जाने का मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पूजन-अर्चन हेतु यहां से गुजरती हैं, लेकिन शराब दुकान के कारण रोजाना शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराबियों द्वारा की जाने वाली अश्लील भाषा, अभद्र टिप्पणियां और गाली-गलौज से महिलाओं एवं युवतियों को असुरक्षा का अनुभव करना पड़ रहा है। दुकान के पीछे खुलेआम शराब सेवन कर शराबी बस स्टैंड परिसर में झगड़े करते हैं, जिससे नगर का शांतिपूर्ण माहौल लगातार बिगड़ रहा है। वहीं व्यापारियों और आम नागरिकों में चोरी की घटनाओं का भी भय बना हुआ है।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा कि, मुख्य बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक और संवेदनशील स्थल पर शराब दुकान का संचालन पूरी तरह अनुचित है।कांग्रेस ने बताया कि इस समस्या को लेकर दिनांक 8 जनवरी 2026 को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नगरवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र येमदे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी, कांग्रेस नेता विट्ठल गायकवाड, प्रशांत महाले, किशोर डोंगरे, राजीव चौधरी, चंद्रशेखर गुवे, नगर अध्यक्ष अरुणा कैलाश चौधरी, पार्षद हितेश बालपांडे, वामन चौधरी, माला चौधरी, अरुण लाडसे, हीरामन गजभिए सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम मारूड एवं पैलेपार में मनाया आनंद उत्सव



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,28 जनवरी,** मध्यप्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त विकास खंडों में आनंद उत्सव खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 24 जनवरी से 28 जनवरी तक किया जा रहा है इसी श्रृंखला में पांढुरना जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार दिनांक 27 जनवरी 2026 को ग्राम मारूड एवं पैलेपार पंचायत के माध्यम से आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा माँ सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इसके साथ ही छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने आयोजन को और भी रंगारंग बना दिया।

सेक्टर प्रभारी श्री अविनाश डफरे की उपस्थिति में आनंद उत्सव की समस्त गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित की गईं। इस अवसर पर ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक, शाला परिवार के सभी सदस्य तथा गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र में सामूहिक सहभागिता, आनंद और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा दिया।

# 52 दिव्यांग छात्रों को निशुल्क वितरित किए उपकरण



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,28 जनवरी,** शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 वी तक के दिव्यांग छात्रों को आज जिला कलेक्टर के हस्ते ऐसे चिन्हिंत 52 छात्रों को निशुल्क दिव्यांग उपकरण दिए गए,जिसे पाकर इनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। संभाग मुख्यालय जबलपुर के एलिमकों की टीम द्वारा बीत 22 जनवरी को नगर में आयोजित दिव्यांग शिविर में चिन्हिंत नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 वी तक के अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को आज बुधवार 28 जनवरी को नगर के इंदिरा मंगल कार्यालय में इन सभी 52 छात्रों को जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के हस्ते व्हिल चेयर,वॉंकिट स्टिक,रोलेटर, कैलिपर ,टी.एल.एम. किट, ट्रायसिकल,सी.पी.चेयर आदि उपकरण नि:शुल्क दिए गए ।इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अलका इक्का, बी.ई.ओ. श्री एच.बी. हांडे,बी .आर.सी. मोरेश्वर ब्रम्हे, एमआर. सी. सुनील बेनीबागड़े मनीष कोहले,जनशिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# राज्यपाल से सम्मानित तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर का जिला प्रेस क्लब ने किया अभिनंदन





**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,28 जनवरी,** जिला प्रेस क्लब पांढुर्णा द्वारा बुधवार 28 जनवरी को तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर का सम्मानपूर्वक सत्कार किया गया।उल्लेखनीय है कि तहसीलदार श्री ठाकुर द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान एस.आई.आर. (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) सहित राजस्व विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सराहनीय कार्य कर पांढुर्णा तहसील का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है।

तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर ने अधिनस्थ राजस्व अमले को साथ लेकर चरणबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से एस.आई.आर. का कार्य तेज गति से पूर्ण कराया। साथ ही राजस्व से संबंधित विभिन्न मामलों के प्रभावी निराकरण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाया।

उनके इन उत्कृष्ट कार्यों के लिए 25 जनवरी को भोपाल में आयोजित समारोह में माननीय राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में जिला प्रेस क्लब पांढुर्णा के सदस्यों ने तहसीलदार श्री ठाकुर से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा सम्मान स्वरूप उनका सत्कार किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब सदस्यों ने कहा कि तहसीलदार द्वारा किए गए नवाचारपूर्ण और जनहितैषी कार्य अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पांढुर्णा को निरंतर गौरवान्वित करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अभिनंदन समारोह में जिला प्रेस क्लब के दोनों संरक्षक प्रवीन ठाकुर एवं राधेश्याम बेलखडे, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ढोके, दोनों उपाध्यक्ष उमेश पाल एवं दिपक रावल के अलावा सुखदेव घोडे, अशोक आरन, अजय तावरे, जितेन्द्र अतकरे, पंकज कोरडे, पंकज मदान, मनोज सातपुते तथा प्रशांत माहुरकर यह पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# विकसीत भारत (ग्रामीण आजीवीका मिशन) जिला सम्मेलन एवं कार्यशाला 29 जनवरी को



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 जनवरी.** केंद्र सरकार कि नयी जी राम जी योजना के सम्बध मे जिला सम्मेलन की बेठक जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। केंद्र सरकार की महत्वांकांशी योजना जी राम जी अर्थात विकसीत भारत ग्रामीण आजीवीका मिशन के सम्बध मे विचार विमर्श कर जिला सम्मेलन एवं जिला कार्यशाला सौसर भाजपा कार्यालय मे प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 29 जनवरी को दोपहर 2 बजे रखी गयी है। जिसमे छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहु का मार्गदर्शन प्रप्त होगा।ईस बैठक मे जिला महामंत्री बाल्या गायकवाड, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल जिला टोली के संयोजक कृष्णकुमार डोबले,सहसंयोजक आनंद ठाकरे,राजु पवार,रवी फरकसे उपस्थीत थे। जो अपेक्षीत कार्यकर्ता है वरीष्ठ भाजपा नेता,जिला पदाधीकारी,मंडल अध्यक्ष,मंडल टोली ,जिला टोली ,जनपद अध्यक्ष,सदस्य ,हारे सदस्य,जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, कृषी मंडी सदस्य ,सहकारी समीती सदस्य ,किसान मोर्चा अध्यक्ष ,सरपंच सभी से आग्रह है की बैठक मे अनिवार्य रूप से उपस्थीत रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस पर पंचायत में ग्राम सभा

## ग्रामीणों द्वारा ग्राम में विकास कार्य कराने की मांग की



**नव भारत न्यूज**
**बड़चिचोली, 28 जनवरी,** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत भवन में सरपंच श्रीमती भारती शेंडे की अध्यक्षता मे ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सचिव पवन गोरे के द्वारा आय व्यय ब्यौरा सुनाया गया पूर्व जनपद सदस्य शेख नूर मोहम्मद के द्वारा ग्राम सभा में मुद्दा उठाया गया कि शेमडा जलाशय से फिल्टर प्लांट तक पाइपलाइन दुरुस्त कर सुचारू रूप से पेयजल ग्रामीणों को मिले तथा काटोल रोड से स्कूल तक सिमेटिकरन की मांग तथा ठेकेदार के द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कार्य किया गया परंतु अभी तक सिमेटिकरन नहीं किया तथा वार्ड क्रमांक 16 में सीमेंट रोड की मांग तथा सामुदायिक भवन निर्मित होने के बाद सामुदायिक भवन में नाम लिखने के लिए तथा उल्लेख करने बाबत तथा 18 वर्ष से 60 वर्ष तक संबल कार्ड का लाभ लेने बाबत तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पेंशन योजना के फॉर्म ग्राम पंचायत में भरे जा रहे हैं इसको लेकर तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि 10 हितग्राही को अभी तक खाते में राशि नहीं आने बाबद तथा ग्रामीणों को मकान कर प्रकाश कर नल कर की जानकारी भी दी गई इस ग्राम सभा में उपस्थित नोडल अधिकारी भुषन चौधरी पशु चिकित्सक इरपाची शाला की प्रभारी प्राचार्य रविंद्र गडकरी एमपीबी विभाग से मदनलाल करपे सरपंच भारती शेडे उपसरपंच नाना महाजन जनपद सदस्य सुमित्रा मौजे ग्रामीण नरेश किनकर शेख नुरु मोहम्मद श्रीकांत महाजन उदाराम डिगरसे भागवत चौधरी रामेश्वर किनकर पाँढुरँग गजभिये मनोहर दँडारे जयदेव मिश्रा सुरेश सवाई मुकेश पाटिल शरद नलोडे नँदलाल दु:खी आदि ग्रामीण उपस्थित थे



# विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कारो का बीजारोपण हो : मोहोड

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 जनवरी.** शहर के एलेक्सिस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभाकर बोबडे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बोबडे, चंद्रशेखर अंबडकर, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल मंचासीन थे। प्रस्तावना स्कूल संचालक प्रवीण बुले ने रखते हुये विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि संदीप मोहोड ने कहा कि, ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, पढाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना को विकसित करती है। एलेक्सिस स्कूल द्वारा शिक्षा के साथ संस्कारो का बीजारोपण किया जा रहा है। वह निश्चित ही आनेवाले समय में समाज को सशक्त दिशा देगा। उपप्राचार्य श्रीमती जायसवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें छात्र छात्राओं ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, धार्मिक भावना तथा सामाजिक संदेशों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियॉ दी। उत्सव में बडी संख्या में पालक, गणमान्य नागरिक एव विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राज्यपाल मंगूभाई पटेल का सौसर दौरा आज, हेल्थ कैंप का करेंगे अवलोकन

**सौसर 28 जनवरी** - प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज 29 जनवरी को पांढुरना जिले के सौसर विकास खंड के प्रवास पर रहेंगे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राज्यपाल महोदय सौसर जनपद की ग्राम पंचायत आमला में आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होंगे।

### हेल्थ कैंप और हितग्राहियों से संवाद :

तय कार्यक्रम के अनुसार, महामहिम राज्यपाल आमला पंचायत में सिकलसेल एनीमिया एवं एनसीडी की जांच के लिए लगाए जा रहे हेल्थ कैंप का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के उपरांत, श्री पटेल प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद भी करेंगे।

# वसंत पंचमी के अवसर पर नवीन सांदीपनि भवन में सरस्वती पूजन



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 जनवरी.**वसंत पंचमी के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय सौसर के नवीन भवन में विधिवत सरस्वती पूजन किया गया। सरस्वती पूजन संस्था प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा के द्वारा किया गया।पूजन के अवसर पर बीईओ सौसर भास्कर गावंडे , शाला उप प्राचार्य संजय गवनेकर, श्रीमती वैशाली कोरडे , प्रदीप जांभोलकर , रवि शंकर पाटील तथा प्राथमिक विभाग एवं माध्यमिक विभाग के शिक्षक शिक्षिकाऐं एवं कक्षा आठवीं के विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंगलवार से प्री प्राइमरी से कक्षा आठवीं (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम)की कक्षाएं नवीन भवन में नियमित रूप से संचालित हो चुकी है।

कठोर कार्यवाहीं की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# जिले में बढ़ती गौवंश तस्करी को लेकर हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,28 जनवरी,**महाराष्ट्र के वरूड़ से गोमांस लेकर पांढुरना आने वाली मां बेटी की तरह ही इसमें लिप्त मुख्य सरगना तथा बीते 25 - 26 जनवरी की दरमियानी रात गुजरी बाजार के श्री राम मार्केट की मुख्य सड़क से एक गाय को जबरन कार में लाद्कर महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाने वालों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर आज हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा ।

जिले में बढ़ रही गौवंश तस्करी,गोमांस की जप्ती तथा नगर के गुजरी बाजार के श्रीराम मार्केट से गाय की चोरी की घटना से जिले के हिंदू संगठन के अनुयायियों में भारी आक्रोश बढ़ते जा रहा है,इन गौवंश तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के मांग को लेकर आज जिले के विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों ने विशाल जामसावली पदयात्रा समिति के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी अजय मरकाम को ज्ञापन सौंपा ।

इस ज्ञापन में बीते 25-26 जनवरी की मध्य रात्रि 3:32 बजेअज्ञात पशु तस्करों द्वारा नगर के गुजरी बाजार स्थित श्रीराम मार्केट से एक कार में लाद्कर गाय को कार में जबरन लाद्कर महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाने की घटना सीसीटी कैमरे में दर्ज हुई है।इन पशु तस्करों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

इसी प्रकार बीते 17 जनवरी को नगर के टेकडी वार्ड की मां बेटी को महाराष्ट्र के वरूड़ से पांढुरना गोमांस लाते हुए ग्राम वाडेगांव कलमगांव के मध्य मुख्य सडक़ पर रंगेहाथों गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है,लेकिन आज तक वरूड़ का मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस आशय का ज्ञापन सौंपते समय विशाल जामसावली पदयात्रा समिति के अध्यक्ष मनोज गुड़धे, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण पालीवाल ,गोविंद अग्रवाल, उज्जवल सिंह चौहान, प्रशांत दाढ़े, मदन भांगे ,राहुल आर पुरे,प्रतीक दुबे, ठाकुर प्रवीण सिंह चौहान, गणेश वाडबुदे, बाबु सिरसकर,पिंटू कोरड़े,राहुल टोम्पे, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# स्काई लाइन स्कूल जाम में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 28 जनवरी .**शिक्षा क्षेत्र में अग्रनी स्काई लाइन स्कूल ने नवाचार और रचनात्मकता को बढावा देने के लिये विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित विषय आधारित विज्ञानप्रदर्शनी का आयोजन किया। ताकि, छात्रों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, नवार और वैज्ञानिक मानसिकता सदृढ बन सके। प्रदर्षनी का शुभारंभ डायरेक्टर शरद खंडार हस्तें, चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसावली संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, एड. अजय धवले के मुख्यातिथ्य में किया गया। अवसर पर बोलते हुये वक्ताओं ने कहा कि, आज के प्रतिस्पर्धा के युग में छात्र जीवन से ही बच्चों को हर तरह की गतिविधियों में बढचढकर भाग लेकर अनुभव प्राप्त करना चाहिये। उन्होने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और भावी कैरियर पर विचार रखे। प्रस्तावना रखते हुये प्राचार्य रश्मि प्राणिग्रही ने कहा कि, हमारे द्वारा छात्रों को कक्षा में सिखायें गये सिद्धांतो को वास्तविक जीवन की चुनौतियों पर लागू करने हेतू प्रोत्साहित किया जा रहा है। वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रोद्योगिकी, इंजीनियरिंग डिजाइन, कलात्मक अभिव्यक्ति और गणितीय तर्क का संग्रहण किया गया। प्रदर्शनी में नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण स्थिरता, रोबोटिक्स, स्मार्ट शहर, स्वास्थ्य और स्वच्छता, अंतरिक्ष विज्ञान और गणितीय अवधारणाओं से विविध विषय थे। प्रदर्शनी देखने पालकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की।